हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

11 ट्रांसफर नीति के विरोध में नर्सिंग ऑफिसरों की पेन डाउन हड़ताल



12 मंडियों में अभी रफ्तार नहीं पकड़ पाई धान की खरीद



खबर संक्षेप

अनियंत्रित पिकअप पेड़ से टकराई, दो की मौत

डबवाली। उपमंडल के गांव जोगेवाला के समीप मंगलवार सुबह पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में गाड़ी में सवार दो व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को उपचार के लिए डबवाली के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और मृतकों की पहचान संबंधी जानकारी जुटाई जा रही है।

लाजपत नगर में ऐतिहासिक मेला समाधा 11 अक्टूबर को

फतेहाबाद। शहर के लाजपत नगर में स्थित मंदिर प्रांगण में ऐतिहासिक मेला समाधा इस बार 11 अक्टूबर रविवार को बड़ी ही श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया जाएगा। मेले को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है और आयोजन समिति द्वारा भव्य तैयारियां की जा रही हैं। मेला कमेटी के प्रवक्ता धर्मेंद्र गोस्वामी ने बताया कि धर्मपाल गोस्वामी की अध्यक्षता में मेला सुबह 10 बजे शुरू होकर शाम 7 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम के दौरान सत्संग, कथा एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बब्बू सरल, ईशा सरल, दशा अनुदास तथा नरेंद्र मोगा भक्ति संगीत की प्रस्तुतियां देंगे।

हेरोइन मामले में पुलिस के हत्थे चढ़ा मुख्य आरोपी

फतेहाबाद। अपराध अनुसंधान शाखा फतेहाबाद की टीम ने 49.77 ग्राम हेरोइन बरामदगी के मामले में मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मनोज कुमार उर्फ मोनू बैनीवाल पुत्र राजकुमार निवासी गुसैअना, जिला सिरसा के रूप में हुई है। इससे पहले पुलिस मामले में हेरोइन के साथ आरोपी सूरज निवासी उकलाना मंडी, जिला हिसार को गिरफ्तार कर चुकी है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी उप-निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि गत 22 सितंबर को पुलिस टीम रतिया रोड क्षेत्र में गश्त पर तैनात थी। इसी दौरान कार्रवाई की ।

पुलिस ने हेरोइन सहित युवक दबोचा

सिरसा। पुलिस ने गश्त के दौरान गांव अलीमोहम्मद क्षेत्र से एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव अलीमोहम्मद क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सामने से एक युवक आता दिखाई दिया जो कि पुलिस को देखकर वापस मुड़ गया। शक के आधार पर पुलिस ने युवक को काबू कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 5 ग्राम 96 मिलीग्राम हैरोइन सहित आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पहचान रोहित निवासी गांव अली मोहम्मद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना नाथूसरी चौपटा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक मिलना देश के लिए गौरव का क्षण: सविता पूनिया

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

गांव जोधकां पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ किया स्वागत, बच्चों ने नाच-गाकर मनाया जश्न

एशियन गेम्स में भारतीय महिला हॉकी टीम को स्वर्ण पदक दिलाने वाली गोलकीपर सविता पूनिया के पैतृक गांव जोधकां पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। सविता पूनिया महिला हॉकी टीम द्वारा गोल्ड मेडल जीतने के बाद गांव पहुंची तो आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग उनके स्वागत के लिए पहुंचे। बच्चों और ग्रामीणों ने नाच-गाकर सविता की उपलब्धि का जश्न मनाया। इस मौके पर खिलाड़ी सविता पूनिया ने कहा कि टीम को एशियन गेम्स में स्वर्ण का पूरा भरोसा था। चीन को हराकर लक्ष्य हासिल करना खास रहा। 44 साल बाद भारतीय महिला हॉकी टीम को एशियन गेम्स में स्वर्ण मिलना पूरे देश के लिए गौरव का क्षण है।

बच्चों को खेलों के लिए करें प्रोत्साहित

सविता पूनिया ने कहा कि स्वर्ण के साथ टीम ने ओलंपिक के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। अब लक्ष्य ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतना है। सविता ने सरकार की खेल नीति की सराहना करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और प्रोत्साहन मिल रहा है। सविता ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे अपने बच्चों को खेलों के लिए प्रोत्साहित करें। खासकर बेटियों को खेलों में आगे बढऩे के लिए परिवार का पूरा सहयोग मिलना चाहिए। सविता के पिता महेंद्र पूनिया ने कहा कि टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही उन्हें बेटी और भारतीय टीम से गोल्ड मेडल की उम्मीद थी। टीम की सभी खिलाड़ियों में स्वर्ण पदक जीतने को लेकर काफी उत्साह था। एशियन गेम्स में यह सपना पूरा हो गया है और अब सभी की निगाहें ओलम्पिक पर हैं। ग्राम पंचायत जोधकां के सरपंच आनंद स्वरूप ने कहा कि सविता हरियाणा की शान हैं। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और शानदार नेतृत्व की बदौलत भारत की झोली में एशियन गेम्स का गोल्ड आया है। उन्होंने कहा कि सविता आज गांव के बच्चों और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन चुकी हैं।





सिरसा। पत्रकारों से बातचीत करती हॉकी खिलाड़ी सविता पूनिया तथा ढोल की थाप पर नाचते बच्चे। फोटो: हरिभूमि

कृषि नीतियों के विरोध में प्रदर्शन, हाइवे जाम की दी चेतावनी

धान की खरीद पर 28 क्विंटल की शर्त व डीएपी की किल्लत पर भड़के किसान

मांगें न मानी तो तेज होगा आंदोलन : मनदीप नथवान

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति हरियाणा के आह्वान पर आज फतेहाबाद में किसानों ने प्रदेश सरकार की कृषि एवं किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार रोष प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में एकत्रित हुए किसानों ने फतेहाबाद स्थित डीसी कार्यालय का घेराव किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके पश्चात किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम एक 4 सूत्रीय मांग पत्र डीसी को सौंपा। आज के इस रोष प्रदर्शन की अध्यक्षता किसान संघर्ष समिति के जिला प्रधान ओमप्रकाश हसंगा ने की, जबकि विशेष रूप से समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनदीप नथवान पहुंचे। किसानों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो किसान दिल्ली नेशनल हाइवे जाम करने पर मजबूर करेंगे।



फतेहाबाद। प्रदर्शन के बाद अधिकारी को मांग पत्र सौंपते किसान नेता।

सरकार किसानों को परेशान कर रही: मनदीप

प्रदर्शनकारी किसानों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मनदीप नथवान ने कहा, प्रदेश की सरकार किसानों को लगातार पोर्टल के जाल और अनुचित शर्तों में उलझाकर परेशान कर रही है। धान की फसल पर 28 क्विंटल प्रति एकड़ की कैपिंग लगाकर सरकार किसानों के साथ सरासर अन्याय कर रही है। किसान अपनी मेहनत से उपजाई पूरी फसल बेचना चाहता है, लेकिन सरकार उस पर पाबंदी लगा रही है। इसके साथ ही मंडी में धान की खरीद में बड़े पैमाने पर कटौती और धांधली हो रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसानों द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे गए मांग पत्र में मांग की गई कि जिन किसानों का मेरी फसल-मेरा ब्योरा योजना के तहत पंजीकरण हो चुका है, उनके आवेदनों की तुरंत वेरिफिकेशन की जाए। साथ ही जो किसान इस पंजीकरण से वंचित रह गए हैं, उनके लिए पोर्टल खोलकर नया पंजीकरण करवाया जाए। धान की फसल खरीद पर लगाई गई 28 क्विंटल प्रति एकड़ की लिमिट को तुरंत हटाया जाए और किसान के पास उपलब्ध पूरी धान की फसल को खरीदने के स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं।



सिरसा। डीएपी खाद की किल्लत को लेकर रोड जाम करते किसान।

डीएपी खाद की कमी को लेकर किसानों ने किया रोड जाम

चोपटा। नाथूसरी चोपटा में डीएपी खाद को लेकर किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। सुबह 5 बजे से लाइन में लगे किसानों को खाद नहीं मिलने पर करीब 2 बजे सिरसा भादरा रोड जाम कर दिया। इस दौरान खाद वितरण केन्द्र के अधिकारी व कर्मचारी गोदाम को बंद कर कर चले गए। जिससे आक्रोशित किसानों ने सिरसा भादरा रोड पर बैठकर जोरदार प्रदर्शन किया। और डीएपी खाद लेने की मांग को लेकर नारेबाजी की। सूचना मिलने पर नाथूसरी चोपटा थाना पुलिस से पुलिसकर्मी दलबीर सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाने का प्रयास किया लेकिन किसानों ने मांग रखी कि पहले केंद्र का ताला खुलवाया जाए और फिर टोकन वितरित कर खाद वितरित करवाई जाए। इसी दौरान सिरसा भादरा रोड पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई और किसान लगातार डीएपी खाद की मांग को लेकर नारेबाजी करते रहे। गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से डीएपी खाद को लेकर लगातार किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। अब सरसों की बिजाई का समय चल रहा है और किसानों को खाद नहीं मिल रही है। किसान संदीप कुमार, बंसीलाल, निहाल सिंह, कृष्ण कुमार, नीरज सहित सैकड़ो किसानों ने बताया कि वह सुबह करीब 5:00 बजे आकर इफको केंद्र के आगे लाइन में लग गए थे उन्हें टोकन तो बांट दिए गए लेकिन खाद नहीं दी गई।



रतिया। बैठक में भाग लेते राइस मिलर्स। फोटो: हरिभूमि

2000 मीट्रिक टन तक सभी मिलरों को मिलेगा बराबर धान

- रतिया शहरी राइस मिलर एसोसिएशन का बड़ा फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

रतिया शहरी राइस मिलर एसोसिएशन की एक अहम बैठक मंगलवार को एमआर जिंदल राइस मिल में एसोसिएशन के प्रधान मोनू जिंदल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में रतिया शहर के सभी राइस मिलरों ने हिस्सा लिया और आगामी धान खरीद सीजन, समान माल वितरण तथा खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए सर्वसम्मति से कई कड़े व महत्वपूर्ण फैसले लिए। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि अनाज मंडी से खरीदी जाने वाली धान सभी राइस मिलरों को समान मात्रा में बांटी जाएगी। शुरुआती चरण में प्रत्येक मिलर को 2000 मीट्रिक टन तक धान का कोटा पूरा करवाया जाएगा। जैसे ही किसी मिलर का 2000 मीट्रिक टन माल पूरा हो जाएगा, उसका गेट पास अस्थाई रूप से बंद कर दिया जाएगा, ताकि अन्य मिलरों को भी समान अवसर मिल सके और किसी के साथ भेदभाव न हो।

सीधी ट्रॉली लेने पर 51 हजार का जुर्माना

एसोसिएशन ने सीधी खरीद पर पूरी तरह रोक लगाने का निर्णय लिया है। कोई भी राइस मिलर सीधे किसान की ट्रॉली से अपने शेलर में माल नहीं उतारेगा। यदि कोई मिलर इस नियम का उल्लंघन करता पाया गया, तो एसोसिएशन की ओर से उस पर दंड स्वरूप 51,000 रुपये की गोशाला की पर्ची कटवाई जाएगी। बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि कोई भी राइस मिलर खुद मंडी में जाकर पीआर धान की खरीद नहीं करेगा। खरीद का जिम्मा पूरी तरह संबंधित सरकारी खरीद एजेंसी के इंस्पेक्टर का होगा। सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार केवल 17 प्रतिशत तक की नमी वाली सूखी और फेयर एवरेज क्वालिटी श्रेणी की धान ही खरीदी जाएगी।

नियम तोड़ने पर 5 लाख का जुर्माना

एसोसिएशन ने चेतावनी जारी की है कि यदि कोई भी राइस मिलर इन सर्वसम्मत फैसलों का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। उल्लंघनकर्ता के खिलाफ संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित शिकायत दी जाएगी और एसोसिएशन की ओर से उस पर 5 लाख रुपये का भारी जुर्माना किया जाएगा। इस बैठक में रतिया शहर के तमाम प्रमुख राइस मिलर्स व एसोसिएशन के सदस्य मौजूद रहे।

नो-पार्किंग में वाहन खड़ा करने वालों पर गाज जीटी रोड से कार उठवाकर थाने ले गई पुलिस

फतेहाबाद। शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से ट्रैफिक पुलिस फतेहाबाद द्वारा लगातार गश्त और नियम तोडऩे वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जीटी रोड पर नो-पार्किंग क्षेत्र में गलत तरीके से खड़ी की गई एक कार के कारण यातायात बाधित होने पर ट्रैफिक पुलिस ने तुरंत सख्ती दिखाई। पुलिस ने मौके से कार को हटवाकर सीधे थाना यातायात फतेहाबाद भेज दिया। ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य सडक़ों, व्यस्त बाजारों, चौक-चौराहों और नो-पार्किंग क्षेत्रों में बेतरतीब ढंग से खड़े वाहन शहर में जाम का मुख्य कारण बनते हैं। इससे न केवल अन्य वाहन चालकों का समय बर्बाद होता है, बल्कि पैदल चलने वाले राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। फतेहाबाद पुलिस ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि यातायात व्यवस्था में बाधा डालने और नो-पार्किंग नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ नियमानुसार यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। कार्रवाई के साथ ही पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे अपने वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें। मुख्य सडक़ों, मोड़ों, व्यस्त चौराहों और नो-पार्किंग जोन में वाहन खड़े कर यातायात को बाधित न करें। पुलिस ने कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक और वाहन चालक का फर्ज निभाते हुए ट्रैफिक नियमों का पालन करें तथा शहर को जाम मुक्त और सुचारू बनाए रखने में ट्रैफिक पुलिस का सहयोग करें।

ट्रक्टर-ट्रॉली और बाइक की भिड़ंत, मुनीम की मौत

- घग्गर नदी पुल के पास हादसा, टक्कर के बाद खड़े ट्रक से जा भिड़ा बाइक सवार

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

बुढलाडा रोड पर घग्गर नदी पुल के पास मंगलवार शाम ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार 27 वर्षीय विकास की मौके पर ही मौत हो गई। विकास सब्जी मंडी में मुनीम का काम करता था और नगर पालिका सफाई कर्मचारियों के पूर्व प्रधान भूप सिंह का बेटा था। हादसे के बाद परिवार में मातम छा गया।



जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 17 निवासी विकास मंगलवार शाम मोटरसाइकिल से बुढलाडा रोड स्थित घग्गर नदी के पास एक सब्जी व्यापारी से दुकान के पैसे लेने गया था। पैसे लेकर वह वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान घग्गर नदी पुल के पास कबाड़ की दुकान के सामने एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसकी मोटरसाइकिल को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल असंतुलित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। इसके बाद विकास सड़क पर जा गिरा और गंभीर चोट लगने के कारण उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। विकास दो भाइयों में बड़ा था। वह शादीशुदा था और उसके परिवार में पत्नी तथा एक बेटी है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

एक करोड़ रुपये की ठगी में दूसरा आरोपी दबोचा

फतेहाबाद। बिजनेस में मोटा मुनाफा दिलवाने और रकम दोगुनी करने का झांसा देकर करीब एक करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि हड़पने के मामले में इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले की जांच को आगे बढ़ाते हुए दूसरे आरोपी गुलाब रबानी निवासी रुडकी, जिला हरिद्वार को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले पुलिस इस मामले में मुख्य साजिशकर्ता मलकीत सिंह निवासी गांव सनियाना, फतेहाबाद को सलाखों के पीछे भेज चुकी है। इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक जसवंत ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गुरुद्वारा बस्ती, जाखल निवासी दिलबाग सिंह ने पुलिस को शिकायत दी थी।

टोहाना ट्रक यूनियन मारपीट मामले में आरोपी जग्गा को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

ट्रक यूनियन टोहाना में यूनियन पर कब्जे और प्रधानी को लेकर हुए खूनी विवाद व मारपीट के मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 10वें आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जग्गा सिंह पुत्र किरपाल सिंह निवासी गुप्ता कॉलोनी, टोहाना के रूप में हुई है। पकड़ा गया आरोपी इस चर्चित हमले में नामजद था। इस गिरफ्तारी के साथ ही मामले में गिरफ्तार आरोपियों की कुल संख्या 10 हो गई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि रामनगर टोहाना निवासी अमित कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, 30 जनवरी 2025 को वह अन्य ड्राइवरों व यूनियन पदाधिकारियों के साथ ट्रक यूनियन कार्यालय में मौजूद था। इसी दौरान गाडिय़ों में सवार होकर पहुंचे कुछ लोगों ने यूनियन पर कब्जे और प्रधानी की रंजिश को लेकर विवाद शुरू कर दिया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने लाठी-डंडों से लैस होकर शिकायतकर्ता और उसके साथियों पर जानलेवा हमला बोल दिया। इस वारदात में कई लोगों को गंभीर चोटें आईं।

कढ़ी पकौड़ा-चावल से रागी के पूड़े तक परोसे जाएंगे अलग-अलग व्यंजन, सोया, चना, दाल और मिलेट भी होंगे शामिल

मिड-डे मील की थाली में अब रोज नया स्वाद, 20 व्यंजनों का मेन्यू जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

सरकारी स्कूलों में पढऩे वाले बच्चों को अब हर दिन एक जैसा मिड-डे मील नहीं मिलेगा। शिक्षा विभाग ने 20 तरह के व्यंजनों वाला नया मेन्यू जारी किया है, जिसके तहत सप्ताह के अलग-अलग दिनों में अलग भोजन परोसा जाएगा। नई थाली में कढ़ी पकौड़ा-चावल, सोया खिचड़ी, राजमा-चावल, रागी का पूड़ा, पौष्टिक परांठा-दही और मिस्सी रोटी समेत पारंपरिक व पौष्टिक व्यंजनों को शामिल किया गया है। मेन्यू में स्वाद के साथ बच्चों के पोषण पर विशेष फोकस किया गया है। नए मेन्यू में दाल, चना, सोया, रागी, मिलेट, मूंगफली और मौसमी सब्जियों जैसे खाद्य पदार्थों को जगह दी गई है। इसका उद्देश्य बच्चों को भोजन में विविधता देने के साथ प्रोटीन, फाइबर, आयरन और अन्य जरूरी पोषक तत्व उपलब्ध कराना है। स्कूलों में अब निर्धारित मेन्यू के अनुसार ही भोजन तैयार कराने के निर्देश दिए गए हैं।



फतेहाबाद। सरकारी स्कूल धिड़ में मिड डे मील ग्रहण करते विद्यार्थी।

थाली में ये 20 व्यंजन होंगे शामिल

नए मेन्यू में कढ़ी पकौड़ा-चावल, पौष्टिक परांठा-दही, सोया खिचड़ी, मीठा दलिया, चावल-सफेद चना, चना दाल खिचड़ी और मिस्सी परांठा-दही शामिल हैं। इसके अलावा दाल-चावल, रोटी-मूंग-मसूर दाल, मिस्सी रोटी-मौसमी सब्जी, मीठे मूंगफली चावल, नमकीन दलिया, गेहूं-रागी का पूड़ा, चना, सब्जी पुलाव, काला राजमा-चावल और गुड़ रोटी-दही भी अलग-अलग दिनों में बच्चों को परोसे जाएंगे।

स्वाद के साथ पोषण पर जोर

शिक्षा विभाग का मानना है कि भोजन में लगातार बदलाव होने से बच्चों की मिड-डे मील में रुचि बनी रहेगी। वहीं, अलग-अलग खाद्य पदार्थों को शामिल करने से बच्चों को विभिन्न पोषक तत्व भी मिल सकेंगे। विशेष रूप से सोया, दाल, चना और मूंगफली को प्रोटीन के बेहतर स्रोत के रूप में शामिल किया गया है, जबकि रागी और अन्य मोटे अनाज के जरिए पोषण में विविधता लाने का प्रयास किया गया है। डीईईओ अनिता बाई ने बताया कि नए मेन्यू में बच्चों के स्वाद और पोषण दोनों का ध्यान रखा गया है। स्कूलों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन तैयार कराने के साथ इसकी गुणवत्ता, स्वच्छता और निर्धारित मात्रा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं। भोजन तैयार करने और परोसने के दौरान साफ-सफाई के मानकों का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

इन छुट्टियों में नहीं बनेगा मिड-डे मील: निर्धारित अवकाश के दिनों में स्कूलों में मिड-डे मील तैयार नहीं किया जाएगा। रविवार, द्वितीय शनिवार, दशहरा और महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर स्कूल बंद रहेंगे, इसलिए इन दिनों बच्चों को स्कूल में भोजन भी नहीं परोसा जाएगा।



रजनीकांत की जेलर 2 में ऋतिक का होगा कैमियो

नई दिल्ली। जेलर 2 के ट्रेलर को लेकर सुर्खियां इस वजह से भी तेज हैं, क्योंकि इसमें एक बॉलीवुड सुपरस्टार के कैमियो की सीक्रेट झलक देखने को मिली है। फिल्मी सितारों का मूवीज में कैमियो करने का चलन सिनेमा जगत में लंबे अरसे से चला रहा है। अब इस मामले में नया नाम वॉर फिल्म अभिनेता ऋतिक रोशन का शामिल हो रहा है। जी हां ऋतिक ही वह बॉलीवुड सुपरस्टार हैं, जो रजनीकांत की अपकमिंग मूवी जेलर 2 में कैमियो रोल प्ले करते दिखेंगे। जेलर 2 के ट्रेलर में ऋतिक की बैक साइड से हल्की सी झलक देखने को मिली है। लेकिन उनकी कद-काठी और स्टाइल को देखकर ये साफ पता चल रहा है कि वह ऋतिक हैं।

लाइफ Style


तमन्ना

बार-बार सर्च करती हैं अपना नाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिल्म इंडस्ट्री में मात्र 15 साल की कम उम्र से अपने अभिनय सफर की शुरुआत करने वाली लोकप्रिय अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपने अब तक के लंबे करियर में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। वर्ष 2005 की अपनी शुरुआती तस्वीरों से लेकर आज तक की इस पूरी विकास यात्रा को वह अपनी फिल्मों में जीवंत रूप से दर्ज होते हुए देखती हैं।

इस दौरान उन्हें इस बात का थोड़ा अफसोस भी है कि व्यस्त दिनचर्या के कारण उन्होंने कभी खुद के लिए पर्याप्त वक्त नहीं निकाला। एक विशेष साक्षात्कार में तमन्ना ने अपने इसी सिनेमैटिक सफर के कई अनछुए और दिलचस्प पहलू साझा किए। साक्षात्कार में जब यह सवाल पूछा गया कि क्या वह इंटरनेट पर खुद के बारे में सर्च (गूगल) करती हैं, तो उन्होंने बिना झिझक के स्वीकार किया, 'हर समय। मैं पूरे दिन खुद के बारे में गूगल करती रहती हूँ। मैं यह देखना और जानना चाहती हूँ कि लोग मेरे बारे में क्या बात कर रहे हैं। कभी-कभी सर्च करते वक्त बहुत ही मजेदार और फनी चीजें भी देखने को मिल जाती हैं।' इंटरनेट पर अपने बारे में लिखी जाने वाली बातों का जिक्र करते हुए वह निष्कर्ष देती हैं, 'कभी-कभी ऑनलाइन इतनी बेहतरीन और शानदार स्क्रिप्ट्स या समीक्षाएं पढ़ने को मिलती हैं, जिन्हें देखकर मन में आता है कि काश हमारी फिल्मों के लिए भी कोई ऐसे ही कमाल के लेखक दो-तीन अच्छी लाइनें लिख दें। लेकिन हाँ, यह सच है कि मैं हमेशा अपना नाम गूगल पर चेक करती रहती हूं।' अपने इस लंबे और व्यस्त कॅरियर को पीछे मुड़कर देखने पर अभिनेत्री को सबसे बड़ा मलाल खुद के लिए समय न निकाल पाने का है।




हॉलीवुड मसाला



द बैटमैन पार्ट-2 की शूटिंग ठप

लॉस एंजिल्स। निर्देशक मैट रीव्स की परिवारिक कारणों की वजह से फिल्म 'द बैटमैन पार्ट 2' की शूटिंग रोक दी गई है। इसकी जानकारी मेकर्स ने हाल ही में फैंस के साथ साझा की। फिल्म 'द बैटमैन पार्ट 2' की शूटिंग कुछ दिनों से लंदन में चल रही थी। मगर अब इसे रोक दिया गया है। फिल्म के निर्माता वार्नर ब्रदर्स और डीसी स्टूडियोज ने सोमवार को इसकी पुष्टि की जिससे इस सीक्वल को लेकर एक और नया मोड़ आ गया है, जिसकी रिलीज डेट पहले ही कई बार आगे बढ़ाई जा चुकी है।






नई नवेली का दूसरा गाना

फटा पटाखा रिलीज

मुंबई। यामी गौतम की अपकमिंग फिल्म 'नई नवेली' का नया और दूसरा गाना 'फटा पटाखा' रिलीज हो चुका है। इससे पहले इसी फिल्म से 'भाभी तबाही' सॉन्ग रिलीज किया गया था। यामी गौतम धर की ये फिल्म 'दशहरा' पर रिलीज हो रही है। अब 6 अक्टूबर को फिल्म का ये नया गाना 'फटा पटाखा' रिलीज किया गया है जिसमें बहुत सारी मस्ती, मिस्ट्री के साथ बहुत सारा एंटरटेनमेंट का मसाला भी है। कहा जा रहा है कि फिल्म में लीड रोल में नजर आने वाली यामी गौतम धर पहली बार इस तरह के रोल में दिख रही हैं, जो इससे पहले उन्होंने कभी नहीं निभाया है। मेकर्स के मुताबिक उनकी इस फिल्म की कहानी इंडियन फैंटेसी फैमिली-एंटरटेनर की दुनिया को जिंदा करती है। 'फटा पटाखा' गाने की काफी लोगों ने तारीफ की है।



15 साल बाद एक साथ

करीना-शाहरुख

नई दिल्ली। एक्ट्रेस करीना कपूर खान करीब 15 साल बाद शाह रुख खान के साथ फिर से स्क्रीन स्पेस शेयर करती नजर आएंगी। खबर है कि एक्ट्रेस शाह रुख की आने वाली एक्शन-एंटरटेनर फिल्म 'किंग' में एक स्पेशल अपीयरेंस देंगी। करीना 'डैडी कूल' नाम के गाने में सुपरस्टार के साथ नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, करीना इस महीने के आखिर में साउथ अफ्रीका में शाह रुख के साथ इस स्पेशल गाने की शूटिंग करेंगी। बताया जा रहा है कि उन्होंने शूटिंग के लिए पांच दिन दिए हैं, और इसे बहुत बड़े पैमाने पर शूट करने की प्लानिंग है। 'डैडी कूल को एक बहुत ही खास गाने के तौर पर तैयार किया जा रहा है और इसमें शाह रुख और करीना को ऐसे अंदाज में साथ लाया जाएगा जैसा दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा होगा।

अवेंजर्स डूम्सडे का नया पोस्टर मचा रहा खलबली

नई दिल्ली। 4600 करोड़ के बजट वाली फिल्म के खतरनाक विलेन का हैरतअंगज लुक रिलीज हो गया है। इस सुपरविलेन से लड़ने का काम 23 से ज्यादा सुपरहीरो करेंगे। हम बात कर रहे हैं अवेंजर्स डूम्सडे मूवी की. मलागा के कॉमिक-कॉन में अवेंजर्स डूम्सडे के डॉक्टर डूम और उनके दो साथियों का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। इस पोस्टर को रिलीज करते हुए मार्वल स्टूडियोज ने इंस्टाग्राम पर लिखा है, 'सीधा मलागा कॉमिक कॉन से. चुड़ैलों का सीजन आ गया है। 18 दिसंबर 2026 को दुनियाभर के थिएटर्स में आ रही है अवेंजर्स डूम्सडे.' इस पोस्टर में डॉक्टर डूम के साथ उनकी बाकी साथी भी नजर आ रही हैं। अवेंजर्स डूम्सडे 18 दिसंबर को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

टीवी मसाला




सारा और बिग बी के बीच हुई शेरों शायरी की जुगलबंदी

नई दिल्ली। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान जल्द ही फिल्म 'उड़ता तीर' में नजर आएंगे। दोनों सितारे इस स्पाई कॉमेडी फिल्म का प्रमोशन करने अमिताभ बच्चन के क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 18' में पहुंचे। इस दौरान अमिताभ बच्चन ने आयुष्मान की खूब तारीफ की। वहीं, सारा अली खान और बिग बी के बीच शेरों शायरी की जुगलबंदी देखने को मिली। बिग बी ने फिल्म 'गुलाबो सिताबो' में आयुष्मान खुराना के साथ काम करने का किस्सा शेयर किया। आयुष्मान की तारीफ में अमिताभ बच्चन ने कहा, 'हमने इनके साथ एक फिल्म की थी 'गुलाबो सिताबो'। बहुत ही तैयारी करके ये आते थे। हमको लाइन याद करने में तकलीफ होती थी। एक तो हमें बूढ़ा बना दिया। डायरेक्टर ने कहा कि पूरी पिक्चर में आपको झुककर चलना है तो वैसे ही हम अपनी लाइन भूल रहे थे। मगर, इनमें इतना धैर्य था कि 'चलो यार बुढ़ऊ है, थोड़ा समय दे देते हैं। इनकी तरफ से कहीं भी गलती नहीं देखिएगा, इतना सुंदर अभिनय था इनका'। बिग बी से अपने लिए तारीफ के ये शब्द सुनकर आयुष्मान खुराना मुस्कुराने लगे और शुक्रिया की मुद्रा में हाथ जोड़ने लगे। इसके बाद आयुष्मान खुराना ने अमिताभ बच्चन और सारा अली खान के बीच शेरों-शायरी की महफिल सजवाई। दरअसल, एक्टर ने अमिताभ बच्चन से कहा, 'आपकी लेगेसी है, जहां से आप आए हैं। आप हरिवंश राय बच्चन जी के सुपुत्र हैं। महान कवि थे वे।

सुसाइड की कोशिश में कलाई की नस काट ली थी

नई दिल्ली। रियलिटी शो राइज एंड फॉल शो के दौरान भोजपुरी एक्ट्रेस काजल राघवानी ने अपनी लाइफ के एक डिफिकल्ट टाइम के बारे में बात की, उन्होंने बताया कि एक समय पर वो इतनी ज्यादा परेशान हो गई थीं कि उन्होंने अपनी जान लेने की कोशिश की थी। दरअसल, शो के दौरान कंटेस्टेंट निहारिका तिवारी ने काजल के हाथ पर कलाई कटने का निशान देखा और उसके बारे में पूछा। तब काजल ने बताया, 'मैंने सुसाइड करते समय अपने हाथ की कलाई की नस काटी थी।' काजल राघवानी की इस बात ने वहां मौजूद सभी कंटेस्टेंट को चौंका दिया। वहीं, काजल की बात सुनते ही मनीष कश्यप उनसे कहते हैं, 'मैं इंजेक्शन से डरता हूं, यहां लड़कियां हाथ काट लेती हैं। आप लोगों को इतनी हिम्मत आ कहां से रही है। शिद्दत से प्यार करिए लेकिन अगर कोई भूल रहा है, तो उसे भूल जाओ।' हालांकि, काजल ने साफ किया कि ऐसा उन्होंने किसी के छोड़ जाने या प्यार में नहीं किया था बल्कि अपने लिए किया था।



साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म 'तू है मेरी किरण' का ट्रेलर जारी


मुंबई। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल जल्द ही फिल्म 'तू है मेरी किरण' में नजर आएंगे। मंगलवार को फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल जल्द ही पर्दे पर साथ काम करने नजर आएंगे। फिल्म का नाम है- 'तू है मेरी किरण'। यह एक रोमांटिक-साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। जहीर इकबाल एक जुनूनी आशिक के रोल में नजर आए हैं। फिल्म का ट्रेलर जारी हो चुका है। फिल्म 'तू है मेरी किरण' का ट्रेलर सस्पेंस और थ्रिल से भरा है। कहानी प्यार-मोहब्बत वाली है, मगर यह प्यार एकतरफा है। एक तरफा प्यार, दूसरे के लिए आफत बनता है। कुछ ऐसा ही इस ट्रेलर में देखने को मिला है। जहीर इकबार सनकी आशिक के रोल में हैं। सोनाक्षी सिन्हा को वो इस कदर परेशान कर देते हैं कि वह अकेले छोड़ देने की गुजारिश करती हैं। ट्रेलर में जहीर इकबाल सोनाक्षी से कहते हैं, 'तुम जैसी लड़की के लिए मुझ जैसे लड़के के लिए प्यार करना बहुत मुश्किल है'। दोनों में जान-पहचान होती है। बातें होती हैं। एक दिन जहीर का किरदार प्रपोज कर देता है और कहता है, 'आई लव यू किरण'। सोनाक्षी का किरदार चौंकता है और हद



में रहने को कहता है। जहीर का जवाब होता है, 'अगर यह एकतरफा प्यार हुआ तो दिल टूट जाएगा मेरा। तुम्हें भी मुझसे प्यार करना होगा किरण'। जुनूनी आशिक से तंग आकर सोनाक्षी कहती हैं, 'तुम्हें जो चाहिए, सब ले लो। मुझे अकेला छोड़ दो प्लीज'। किरण के साथ बहुत अजीब-अजीब घटनाएं घटती हैं। ट्रेलर में कुछ सस्पेंस भी है। हालांकि, इसका राज नहीं खुला है। क्या सस्पेंस है, यह फिल्म देखकर ही पता चलेगा। मगर, ट्रेलर काफी दिलचस्प है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिलहाल ट्रेलर पर दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है।

राजू ने याद किए बुरे दिन, चैनल बंद होने से डूब गए थे सारे पैसे, नहीं था कोई सहारा

नई दिल्ली। अभिनेता- निर्देशक राजू खेर ने सिद्धार्थ कनन से बातचीत में अपने पुराने वक्त को याद करते हुए कहा, 'एक समय था जब मैं बुरे दौर से गुजर रहा था। मैंने अपना घर बेच दिया था क्योंकि एक नया चैनल आने वाला था, इसलिए मैंने कहीं और एक फ्लैट खरीद लिया था। नया चैनल लॉन्च होने वाला था और कई लोग पायलट प्रोजेक्ट बना रहे थे, समझौते भी हो चुके थे। मैंने भी 'लाइफ के लिए कुछ भी करेगा' नाम का एक कार्यक्रम बनाया था। अचानक मुझे पता चला कि वह चैनल बंद हो गया है। फ्लैट बेचकर जो पैसे मिले थे, मैंने उस कार्यक्रम में लगा दिए थे। मुझे लगा था कि मेरी जिंदगी शानदार है, चार बेडरूम का घर है, परिवार के लिए सब कुछ तैयार है। फिर, चैनल गायब हो गया और किसी को पता नहीं चला कि क्या हुआ। उनके दरवाजे पर बस एक ताला लगा हुआ था।'



फिल्म और टेलीविजन में किया काम

राजू खेर ने फिल्म और टेलीविजन दोनों में अभिनेता और निर्देशक के रूप में काम किया है। उन्होंने 1990 के दशक में अभिनय शुरू किया और गुलाम, जंगल, ओम जय जगदीश, शूटआउट एट वडाला, कृष 3, मैं तेरा हीरो, ऊंची और पटना शुक्ला जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। उन्होंने कई टेलीविजन शो का निर्देशन भी किया है। 1999 का सीरियल संस्कार, साथ ही मंजिल, अभिलाषा और रेत का दरिया के लिए वह काफी मशहूर हुए।

लगा भाई अनुपम ने नहीं की मदद

आगे अपने इंटरव्यू में राजू ने कहा, 'मुझे भी किराया चुकाने का दबाव महसूस हो रहा था। मेरे पास कोई और सहारा नहीं था, मैं सिर्फ अपने भाई से बात कर सकता था, और मुझे लगा कि वह मेरी मदद करेगा। लेकिन, उस समय उसने भी काम करना बंद कर दिया था। कारण यह था कि वह उन अजीबोगरीब फिल्मों में काम नहीं करना चाहता था, वह सार्थक भूमिकाएं चाहता था। इसलिए, मुझे लगा कि मेरे भाई ने मेरी मदद नहीं की। वह कर सकता था, यही मेरा उस समय का विचार था।'राजू ने आगे बताया कि अनुपम खेर उस वक्त खुद निजी संघर्षों से गुजर रहे थे। इस वजह से वह राजू की मदद नहीं कर सके। मगर इस बात का एहसास राजू को कई साल बाद हुआ।


मनोवैज्ञानिक पारिवारिक ड्रामा है यह फिल्म, जिम्मी और दिव्या आएंगे नजर

'तुम रहे ना तुम' का टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में होगा वर्ल्ड प्रीमियर

नई दिल्ली। जिम्मी शेरगिल और दिव्या दत्ता स्टारर फिल्म 'तुम रहे ना तुम' का वर्ल्ड प्रीमियर 10 अक्टूबर को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ साउथ एशिया टोरंटो में होगा। फिल्म का प्रीमियर गाला स्क्रीनिंग के तौर पर मिसिसॉगा के सिनेप्लेक्स सिनेमाज कोर्टनी पार्क में किया जाएगा। प्रेम प्रकाश मोदी के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक मनोवैज्ञानिक पारिवारिक ड्रामा है। फिल्म में जिम्मी शेरगिल और दिव्या दत्ता मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि तनिष्का तिवारी, हर्ष छाया, जरीना वहाब और राजेश जैसे अहम किरदारों में नजर आएंगे।

नाटक 'द फादर' से प्रेरित फिल्म

फिल्म की पटकथा राकेश कुमार त्रिपाठी ने लिखी है। विक्रमजीत रॉय इसके एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं, जबकि दीपांकर 'जोजो' चाकी एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के साथ फिल्म के साउंड डिजाइनर भी हैं। फिल्म का निर्माण विन्नी चावला, डॉ. वृंदा चावला और सोनू कटियाल ने फैनैटिकली फिल्मी प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले किया है। 'तुम रहे ना तुम' स्वीडिश नाटककार ऑगस्ट स्ट्रिंडबर्ग के चर्चित नाटक "द फादर" से प्रेरित है। कहानी को भारतीय पारिवारिक परिवेश में रखा गया है और उत्तराखंड के एक पहाड़ी शहर की पृष्ठभूमि में एक पति-पत्नी के बीच अपनी बेटी के भविष्य को लेकर शुरू हुए टकराव को दिखाया गया है। धीरे-धीरे यह विवाद सिर्फ बेटी के फैसले तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवार के भीतर सत्ता, पहचान, भरोसे और रिश्तों को लेकर गहरे संघर्ष में बदल जाता है।



बच्चे की भविष्य पर सवाल

फिल्म परिवार और रिश्तों के जरिए यह सवाल भी उठाती है कि आखिर किसी बच्चे के भविष्य को तय करने का अधिकार किसके पास होना चाहिए। कहानी में पितृसत्ता, असुरक्षा, विरासत और माता-पिता की अपेक्षाओं के साथ-साथ उन भावनात्मक जख्मों को भी जगह दी गई है, जो लंबे समय में रिश्तों को प्रभावित करते हैं। फिल्म किसी एक किरदार को पूरी तरह सही या गलत ठहराने के बजाय दो ऐसे लोगों के बीच के संघर्ष को सामने रखती है, जिनकी अपनी कमियां और असुरक्षाएं हैं।

भारत से बाहर के दर्शकों तक भी पहुंचेगी फिल्म

फिल्म के वर्ल्ड प्रीमियर को लेकर जिम्मी शेरगिल ने कहा, 'तुम रहे ना तुम' की शुरुआत IFFSA टोरंटो में वर्ल्ड प्रीमियर के साथ होना मेरे लिए बेहद खास है। कहानी एक भारतीय परिवार से जुड़ी है, लेकिन इसमें मौजूद भावनाएं सार्वभौमिक हैं। मुझे उम्मीद है कि भाषा और भौगोलिक सीमाओं से परे यह फिल्म लोगों से जुड़ पाएगी। निर्देशक प्रेम प्रकाश मोदी ने कहा कि एक सदी से भी पहले लिखी गई कहानी का आज भी प्रासंगिक महसूस होना अपने आप में खास है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ साउथ एशिया टोरंटो के जरिए फिल्म भारत से बाहर के दर्शकों तक भी पहुंचेगी। वहीं, दिव्या दत्ता ने कहा कि परिवार, प्यार और उम्मीदों को लेकर हर संस्कृति में अपनी समानताएं होती हैं। उनके मुताबिक, फिल्म में रिश्तों को जिस तरह से दिखाया गया है, उसमें दुनिया भर के दर्शक अपनी जिंदगी की कोई न कोई झलक देख सकते हैं।

खबर संक्षेप

एनसीसी कैडेट्स के लिए रैंक सेरेमनी

सिरसा। सीएमके नेशनल कॉलेज में मंगलवार को एनसीसी कैडेट्स के लिए प्रेरणादायक रैंक सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन, निष्ठा और कड़े अनुशासन का परिचय देने वाले कैडेट्स को उनके नए पद की रैंक और बैज लगाकर सम्मानित किया गया, जिससे पूरे परिसर में उत्साह का माहौल बन गया। कार्यवाहक प्राचार्या अंशु उप्पल ने सभी सम्मानित कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं के चरित्र निर्माण, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र भक्ति की भावना को मजबूत करने का सबसे सशक्त माध्यम है।

बिजली पेंशनर्स सम्मान समारोह 9 को

सिरसा। हरियाणा बिजली पेंशनर वेल्फेयर एसोसिएशन यूनिट सिरसा द्वारा 9 अक्टूबर को सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। एसोसिएशन के सचिव रणसिंह यादव ने बताया कि समारोह को लेकर बैठक आयोजित की गई जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा बारे विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में 30 सितंबर 2026 तक 75 वर्ष व 80 वर्ष की आयु पूरी कर चुके वरिष्ठ बिजली पेंशनर को सम्मानित किया जाएगा।

संजू जिंदल बने फतेहाबाद मिलिंग कमेटी के सदस्य

रतिया। रतिया राइस मिलर एसोसिएशन से जुड़े संजू जिंदल को जिला फतेहाबाद मिलिंग कमेटी का सदस्य नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति के बाद मंगलवार को फतेहाबाद स्थित डीसी कार्यालय में जिला मिलिंग कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में धान खरीद, मिलिंग, सीएमआर तथा राइस मिलरों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में डीएफएससी कुशल बूरा, सभी संबंधित एजेंसियों के डीएम, एफसीआई के अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

भाजपा आज निकालेगी सेवा ज्योति यात्रा

फतेहाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 7 अक्टूबर को देशभर में सेवा ज्योति यात्रा निकाली जा रही है। फतेहाबाद में भी बुधवार को सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा को लेकर भाजपा द्वारा सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। जिलेभर के कार्यकर्ता प्रातः 9 बजे डीपीआरसी हॉल में एकत्रित होंगे। प्रातः 10 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन एलईडी वॉल के माध्यम से लाइव सुना जाएगा। इसके उपरांत प्रातः 11 बजे कार्यकर्ता सेवा ज्योति यानि मशाल के साथ पदयात्रा शुरू करते हुए पंचायत भवन पहुंचेंगे।

स्व. सहीराम के नाम से हुआ सकताखेड़ा विद्यालय

डबवाली। गांव सकताखेड़ा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का नाम पूर्व विधायक स्व. सहीराम बिश्नोई के नाम पर करने के लिए अखिल भारतीय बिश्नोई सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट सोमप्रकाश बिश्नोई ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा व जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

दूसरे दिन भी दो घंटे प्रदर्शन, इमरजेंसी सेवाएं रहीं चालू

ट्रांसफर नीति के विरोध में नर्सिंग ऑफिसरों की पेन डाउन हड़ताल

5 साल बाद जिला बदलने की नीति का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे नर्सिंग ऑफिसर वेलफेयर एसोसिएशन।

नर्सिंग ऑफिसर वेलफेयर एसोसिएशन ने दूसरे दिन भी दो घंटे की पेन डाउन हड़ताल की, जिसमें इमरजेंसी सेवाएं चालू रही। इस मौके पर एसोसिएशन के जिला प्रधान राजकुमार भारद्वाज ने बताया कि मंगलवार को एसकेएस सिरसा से ब्लॉक प्रधान ललित सोलंकी, नगर पालिका विभाग से मनोज अठवाल, ब्लॉक सचिव रमेश वर्मा ने भी संघर्ष को समर्थन दिया। इस मौके पर नर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव अमित व कैशियर मुकेश, तालमेल कमेटी से विजय धींगड़ा व नसीब सिंह भी उपस्थित थे। राजकुमार भारद्वाज ने बताया कि शासन की नई नीति के मुताबिक जिन नर्सिंग ऑफिसर को 5 साल से ऊपर हो गए हैं, उन्हें अपना जिला छोड़ना पड़ेगा और दूसरे जिले में उनका ट्रांसफर होगा। भारद्वाज ने कहा कि हमारे कैडर में 98 प्रतिशत महिलाएं हैं। हमारी मॉर्निंग, इवनिंग, नाइट तीनों शिफ्ट हैं। इवनिंग ड्यूटी 8 बजे खत्म होती है, कई बार हैंडओवर में 8.30 से रात 9 बज जाते हैं। नाइट ड्यूटी 8 बजे शुरू होती है। दूसरे शहर में आने-जाने में बहुत दिक्कत होगी, हम उस एरिया से अवगत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की नेशनल टास्क फोर्स गाइडलाइन, जिसमें वर्कप्लेस पर महिलाओं की सुरक्षा का प्रावधान है।

ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू न करने की मांग

सीएचसी/पीएचसी पर आज भी हमारी फीमेल नर्सिंग ऑफिसर अकेली ड्यूटी करती हैं, कोई सिक्योरिटी नहीं है। वो सिर्फ इसलिए कर पा रही है, क्योंकि वो लोकल हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि नर्सिंग कैडर पर ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू न की जाए। इसके अलावा मेवात/पलवल में कार्यरत स्टाफ को मेवात भत्ता दिया जाए, जैसे नल्हड़ मेडिकल कॉलेज और हरियाणा के डॉक्टरों को दिया जा रहा है और नई भर्ती आने पर वहां के पुराने स्टाफ को रिप्लेस करके होम डिस्ट्रिक्ट दिया जाए। उन्होंने कहा कि हमारा वर्दी भत्ता डेढ़ साल से नहीं मिल रहा, काट लिया गया है। डीजीएचएस को बार-बार पत्र देने के बाद भी नहीं आया। उन्होंने चेताया कि अगर हमारी मांगें नहीं मानी गई और सरकार ने बातचीत के लिए नहीं बुलाया, तो हमें ठोस कदम उठाना पड़ेगा, जिसमें अनिश्चितकालीन हड़ताल, नाइट ड्यूटी का बहिष्कार का निर्णय भी लिया जा सकता।


ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का मूल्यांकन करे : केडिया

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता नवीन केडिया ने नर्सिंग स्टाफ के ऑनलाइन तबादलों का विरोध करते हुए नर्सिंग स्टाफ की हड़ताल का समर्थन किया है। मंगलवार को जारी बयान में नवीन केडिया ने कहा कि हरियाणा सरकार की ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी में महिला नर्सिंग स्टाफ को दूसरे जिलों में स्थानांतरित करने का जो नियम है, वह गलत है। किसी भी महिला कर्मचारी के लिए दूसरे जिले में जाकर समायोजित होना न केवल असहज है अपितु उनकी सुरक्षा के लिहाज से भी उचित नहीं है। उन्होंने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि यह सरकार हर वर्ग और संगठन को हड़ताल पर मजबूर करती है और उनकी आवाज को दबाने का प्रयास करती है जोकि लोकतंत्र में उचित नहीं है।

पुराने निष्ठावान कार्यकर्ताओं को फिर सक्रिय करने पर जोर

■ खाई शेरगढ़ में भाजपा की बैठक में बूथ व शक्ति केंद्र स्तर पर संगठन मजबूत करने पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। खाई शेरगढ़ में बैठक आयोजित बैठक में भाग लेते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

रानियां विधानसभा क्षेत्र के गांव खाई शेरगढ़ में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में खारिया मंडल के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के मुख्य वक्ता भाजपा सिरसा जिला प्रभारी एवं हरियाणा स्टेट कोऑपरेटिव अपेक्स बैंक लिमिटेड (हरको बैंक) के चेयरमैन भारत भूषण जुयाल रहे। उन्होंने पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने के साथ लंबे समय से संगठन से जुड़े पुराने एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं को फिर सक्रिय करने पर विशेष जोर दिया। भारत भूषण जुयाल ने कहा कि पार्टी से वर्षों से जुड़े कई पुराने और समर्पित कार्यकर्ता वर्तमान में सक्रिय नहीं हैं। ऐसे कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत संपर्क कर उन्हें दोबारा संगठन की गतिविधियों से जोड़ा जाना चाहिए। कार्यकर्ता उनके घर तक पहुंचें, उनसे संवाद करें और उनके अनुभव का लाभ संगठन को मिले, इसके लिए प्रयास करें।

सेवा संकल्प अभियान के तहत नागपुर में सेवा सेतु कैंप आयोजित

फतेहाबाद। सेवा संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को नागपुर में सेवा सेतु कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तथा विभागीय सेवाओं की जानकारी दी गई। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल एवं हेल्प डेस्क के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। इस दौरान भाजपा जिला सचिव व पूर्व मंडल अध्यक्ष निर्मल सिंह ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया।

सीडीएलयू की एनसीसी कैडेट टीम वालीबॉल स्पर्धा में रही दूसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय की एनसीसी कैडेट ने लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी पंजाब में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कैंप में भाग लिया। इस कैंप का आयोजन 9 पंजाब बटालियन एनसीसी अमृतसर द्वारा किया गया था। कैंप में आयोजित वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता में सीडीएलयू की एनसीसी कैडेट नीलम की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भी कैडेट नीलम ने हरियाणवी संस्कृति को दर्शाया एवं पारंपरिक वेशभूषा को प्रतिभागियों द्वारा खूब सराहा गया। एक भारत श्रेष्ठ भारत कैंप का मुख्य उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों के एनसीसी कैडेट्स के बीच राष्ट्रीय एकता, आपसी भाईचारा, सांस्कृतिक आदान-प्रदान एवं विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देना था। कैंप के दौरान कैडेट्स को विभिन्न राज्यों की संस्कृति, परंपराओं, भाषा एवं जीवनशैली को जानने तथा आपसी अनुभव साझा करने का अवसर मिला। कैंप के दौरान बाढ़ राहत एवं बचाव, ड्रग डी-एडिक्शन, नशा मुक्त भारत, फायर कंट्रोल एवं आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कैडेट्स को जागरूक एवं प्रशिक्षित किया गया।

मानव जीवन में गृहस्थ आश्रम सर्वश्रेष्ठ : साध्वी शांत योगानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

बीघड़ रोड स्थित परमहंस श्री योग दरबार, श्री योग अनुभव मंदिर में पितृ पक्ष के अवसर पर चल रही श्री मद् भागवत कथा का आज समापन हुआ। इस अवसर पर हवन यज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने सर्वप्रथम विधि-विधान से हवन यज्ञ में आहूति डाली और कथा श्रवण कर लंगर प्रसाद ग्रहण किया। व्यास पीठ पर पीठासीन साध्वी शांत योगानंद ने भागवत कथा की महिमा बताते हुए उपस्थित श्रोताओं को भक्ति मार्ग से जुड़ने और नित्य सत्कर्म करने को कहा। उन्होंने बताया श्री मद् भागवत में भगवद् प्राप्ति के अनेक सरल मार्ग निर्धारित किए गए हैं किंतु कलियुग में नाम संकीर्तन की विशेष महिमा है। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार पुराणों में श्री मद् भागवत श्रेष्ठ है, उसी प्रकार मानव जीवन में गृहस्थ आश्रम सर्वश्रेष्ठ है। यह आश्रम गृहस्थ को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों पुरुषार्थ फल प्राप्त कराता है। समाज में अधिक संख्या गृहस्थों की है।



फतेहाबाद। विधायक बलवान सिंह को आशीर्वाद देते साध्वी शांत योगानंद।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने व्यास पीठ पर विराजमान साध्वी शांत योगानंद जी से आशीर्वाद लिया। मंदिर समिति के समस्त सदस्यों द्वारा विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया का शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि पार्षद प्रतिनिधि सोनू कुक्कड़, अनीता कुक्कड़, नगर परिषद् की उपप्रधान सविता टुटेजा आदि मौजूद रहे।

राजकीय महाविद्यालय में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता दूसरे दिन डांस और गायन का रहा जलवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

राजकीय महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के दूसरे दिन डांस एवं गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए खूब तालियां बटोरीं। पूरे कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर उत्साह और उमंग से सराबोर रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री सुरेश कुमार, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, जिला परिषद फतेहाबाद ने शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी के अंदर कोई न कोई विशेष प्रतिभा अवश्य होती है। ऐसे मंच विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को पहचानने और निखारने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने अपने कॉलेज के दिनों को याद करते हुए विद्यार्थियों के आग्रह पर एक गीत भी सुनाया, जिसका विद्यार्थियों ने खूब आनंद लिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लाक समिति के वाइस चेयरमैन बंसीलाल, ब्लाक समिति चेयरमैन प्रतिनिधि राजेंद्र सरबटा, तथा मार्केट कमेटी चेयरमैन प्रदीप मांडण उपस्थित रहे। इनके साथ सोनू चालिया, नरेश गोदारा और प्रमोद घोटड़ भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुभाष ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।



भट्टूकलां। डांस प्रतियोगिता में प्रस्तुति देती छात्राएं।

ये रहे मौजूद : मंच संचालन दर्शन सिंह एवं डॉ. दिलसुख राम ने किया। प्रतियोगिताओं के निष्पक्ष मूल्यांकन के लिए डॉ. राजाराम, डॉ. राजेंद्र कुमार, डॉ. विजय कुमार, श्री राजेश कुमार, श्रीमती अनामिका तथा डॉ. कीर्ति चौधरी ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

कथा में सुनाया श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग

सिरसा। शहर के कांडा कॉलोनी में आयोजित की जा रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक आचार्य आशीष वशिष्ठ ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग सुनाया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का सुंदर झांकी के माध्यम से जीवंत चित्रण किया गया। बालस्वरूप में भगवान श्रीकृष्ण को पालने में विराजमान देखकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। महिलाओं ने मंगल गीत गाए और श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भगवान का स्वागत किया। कथा व्यास ने श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग की महिमा बताते हुए कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है और धर्म की हानि होती है, तब भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं।

नशे के खिलाफ सैकड़ों विद्यार्थियों ने लिया महा संकल्प, सांसद बराला ने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

राजकीय महाविद्यालय भूना में मंगलवार को नशे के खिलाफ महा संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने सैकड़ों विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन अपनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने युवाओं से अपनी ऊर्जा को शिक्षा, खेल, कौशल विकास, रोजगार और समाजसेवा जैसे सकारात्मक कार्यों में लगाने का आह्वान किया।सांसद बराला माई भारत-विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर सुरेंद्र ज्यानी ने की, जबकि जिला युवा अधिकारी रीना केसरिया ने संचालन किया। सांसद ने कॉलेज परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए माई भारत और खेलो इंडिया जैसी योजनाओं के माध्यम से अवसर मिल रहे हैं।



भूना। विद्यार्थियों को शपथ दिलाते सांसद सुभाष बराला।

स्कूलों में योग और ध्यान शिविर लगाया

सिरसा। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयुष विभाग द्वारा जिले के विभिन्न राजकीय विद्यालयों में योग एवं ध्यान शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का उद्देश्य विद्यार्थियों को योग, ध्यान एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना रहा। इसी कड़ी में राजकीय प्राथमिक विद्यालय जोधकां में योग एवं ध्यान शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गांव के सरपंच, गणमान्य नागरिक एवं वरिष्ठ शिक्षक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसी प्रकार राजकीय माध्यमिक विद्यालय, मेहना खेड़ा में भी सेवा संकल्प अभियान के तहत योग एवं ध्यान शिविर लगाया गया। शिविर में करीब 63 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके अलावा राजकीय स्कूल भड़ोलियांवाली में आयोजित योग एवं ध्यान शिविर में करीब 65 प्रतिभागियों ने भाग लिया।



ओढां व बडागुढ़ा में लगा खंड स्तरीय शिविर

ओढां। ओढां व बडागुढ़ा स्थित बीडीपीओ कार्यालयों में खंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। बडागुढ़ा में आयोजित शिविर में डबवाली की भाजपा जिलाध्यक्ष रेणू शर्मा व ओढां में आयोजित हरियाणा बीज विकास निगम के चेयरमैन देव कुमार शर्मा तथा वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र सिंह देसूजोधा ने शिरकत की। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई। शिविर में पशुपालन, स्वास्थ्य, उद्यान विभाग, समाज कल्याण विभाग, बिजली निगम, पंचायत विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कल्याण विभाग, आयुष विभाग, परिवहन विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शिविर में पहुंचने वाले नागरिकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी तथा उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं के संबंध में मार्गदर्शन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष डबवाली रेणू शर्मा ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना तथा आमजन की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना है।

राजकीय महिला कॉलेज में हिंदी विषय परिषद गठित

सिरसा। राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए हिंदी विषय परिषद गठित की गई। डॉ कपिल कुमार सैनी ने बताया कि हिन्दी विषय परिषद के गठन के अवसर पर महान हिन्दी आलोचक एवं साहित्येतिहासकार आचार्य रामचंद्र शुक्ल की जयंती के उपलक्ष्य में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए हिंदी भाषा, साहित्य एवं समकालीन विषयों से संबंधित अपने विचारों को निबंध के माध्यम से अभिव्यक्त किया। प्रतियोगिता के आधार पर छात्राओं को हिंदी विषय परिषद में विभिन्न दायित्व सौंपे गए।



सिरसा। पुस्तक का विमोचन करते हुए अतिथि।

मोचीवाली में द्वितीय राष्ट्रीय जनिका सम्मेलन

डिंग। हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी व आदर्श जनसेवा एजुकेशन सोसायटी डिंग के संयुक्त तत्वावधान में द्वितीय राष्ट्रीय जनिका सम्मेलन व सम्मान समारोह आदर्श विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोचीवाली में किया गया। डॉ. अशोक मंगलेश ने जनिका विधा पर अपना आलोचनात्मक आलेख प्रस्तुत किया। पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम में डॉ. जनक राज शर्मा की चार पुस्तकों शब्द महकने लगे (जनिका-संग्रह), जनिकाओं का विश्लेषणात्मक तथा समीक्षात्मक अध्ययन, जनिका विधाः उद्भव विकास और इतिहास तथा श्री गौ चालीसा का लोकार्पण हुआ। इसके अतिरिक्त विभिन्न जनिका-संग्रहों हथेली पर खिले गुलाब (डॉ.राजकुमार निजात), मानसरोवर के त्रिदल कमल (डॉ. रमाकांता),जीवन उपादेय है (डॉ. ज्ञानप्रकाश पीयूष), दीपशिखा (सुशीला जांगड़ा), वागीश की जनिकाएं (बलबीर वर्मा वागीश), वस्त्र बोलते हैं (दलबीर फूल) का विमोचन हुआ तथा इन्हें जनिका श्री भूषण सम्मान से नवाजा गया।

जन स्वास्थ्य विभाग ने शुरू किया विशेष अभियान, 4 टीमें गठित

अनधिकृत पानी-सीवरेज कनेक्शन होंगे नियमित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने शहर में पेयजल एवं सीवरेज के अनधिकृत कनेक्शनों को नियमित कराने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। अभियान की समीक्षा को लेकर विभागीय कर्मचारियों की बैठक हुई। जिला सलाहकार शर्मा चंद लाली ने अधिकारियों व कर्मचारियों को अभियान में तेजी लाने और प्रत्येक क्षेत्र में जाकर उपभोक्ताओं से संपर्क करने के निर्देश दिए। शर्मा चंद लाली ने बताया कि शहर में कई उपभोक्ताओं के पेयजल एवं सीवरेज कनेक्शन अभी तक विभाग से नियमानुसार मंजूर नहीं करवाए गए हैं। ऐसे कनेक्शनों को नियमित कराने के लिए शहर को अलग-अलग क्षेत्रों में बांटकर चार विशेष टीमें गठित की गई हैं। पहली टीम में निर्मला रानी, कांता रानी व संदीप कुमार, दूसरी टीम में सुमन रानी, वीरभान सिंह व महेंद्र सिंह, तीसरी टीम में सतीश कुमार, सुशील कुमार व संदीप कुमार तथा चौथी टीम में दुष्यंत कुमार, सुनील कुमार व कांता रानी को जिम्मेदारी दी गई है। ये टीमें घर-घर जाकर उपभोक्ताओं को कनेक्शन मंजूर कराने की प्रक्रिया और इसके फायदे बताएंगी। अभियान की निगरानी के लिए खंड संयोजक राकेश कुमार की ड्यूटी लगाई गई है। वह चारों टीमों के कार्य की मॉनिटरिंग कर विभाग को प्रगति रिपोर्ट देंगे।



भूना। कनेक्शन मंजूर कराने के लिए दिशा निर्देश देते हुए जिला सलाहाकार।

कनेक्शन की फीस 1550 रुपये

शर्मा चंद लाली ने बताया कि पेयजल एवं सीवरेज कनेक्शन मंजूर कराने की फीस 1550 रुपये है। वहीं वर्तमान में कुछ समय के लिए रोड कट शुल्क भी माफ किया गया है। उन्होंने शहरवासियों से इस छूट का लाभ उठाकर जल्द कनेक्शन नियमित कराने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान का उद्देश्य लोगों को परेशान करना नहीं, बल्कि शहर की पेयजल और सीवरेज व्यवस्था को नियमों के अनुसार व्यवस्थित करना है। इसके बावजूद बिना मंजूरी कनेक्शन चलता मिला तो विभागीय नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी और कनेक्शन बंद भी किया जा सकता है। बैठक में राकेश कुमार सहित विभाग के अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

मोटर चोरी मामले में एक और आरोपी काबू

सिरसा। पुलिस ने गांव रत्ताखेड़ा के तालाब से मोटर चोरी मामले में एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एबीवीटी स्टाफ सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी ने बताया कि गांव रत्ताखेड़ा निवासी सुखविंद्र सिंह ने ऐलनाबाद थाना में पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के जोहड़ से पानी निकालने के लिए लगी मोटर 22 जुलाई की रात अज्ञात युवक चोरी कर ले गया। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर मोटर चोरी मामले में संलिप्त एक अन्य आरोपी मांगेराम निवासी गांव हुंमायू खेड़ा, जिला सिरसा को ऐलनाबाद क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

मतदाता सूची को लेकर हुई बैठक

सिरसा। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं तहसीलदार रानियां शुभम शर्मा ने मंगलवार को रानियां विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत दावों एवं आपत्तियों के निस्तारण, मतदाता सूचियों की शुद्धता तथा बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति सहित मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि 30 सितंबर तक प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण 28 अक्टूबर तक किया जाएगा, जबकि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 नवंबर 2026 को किया जाना निर्धारित है।

शीघ्र खुलेगा बीज विकास निगम का बिक्री केंद्र

ओढां। गांव ओढ़ा में किसानों की मांग पर बीज विकास निगम द्वारा सरकारी बीज की बिक्री केंद्र शुरू किया जाएगा। हरियाणा बीज विकास निगम के चेयरमैन देव कुमार शर्मा ने मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि आसपास के काफी गांव के किसानों ने सरकारी बीज केंद्र खोलने की मांग की थी। किसानों की मांग को ध्यान में रखते हुए निगम द्वारा लोगों को सरकारी बीज सस्ते में बढिया किस्म का उपलब्ध करवाया जाएगा।

18 को मनाई जाएगी महाराजा अग्रसेन जयंती

फतेहाबाद। अग्रवाल समाज फतेहाबाद की ओर से महाराजा अग्रसेन जयंती का आयोजन 18 अक्टूबर, रविवार को धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ किया जाएगा। जयंती समारोह का आयोजन श्रीराम सेवा समिति, अनाज मंडी धर्मशाला में किया जाएगा। समाज के नवनिर्वाचित प्रेस सचिव अनिल गोयल ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के प्रधान मनोज गर्ग बड़ोपलिया करेंगे व सरक्षक वेद मंगल की विशेष उपस्थिति रहेगी। जयंती समारोह में समाज के गणमान्य लोगों सहित बड़ी संख्या में अग्रबंधु मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा अग्रवाल धर्मशाला से शुरू होकर शहर के विभिन्न बाजारों एवं प्रमुख मार्गों से होते हुए अनाज मंडी स्थित श्री राम सेवा समिति धर्मशाला में पहुंचकर समारोह में शामिल होगी। समारोह के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

आठवें दिन 2309 एमटी खरीद, 25570 एमटी आवक, लिफ्टिंग शून्य

मंडियों में अभी रफ्तार नहीं पकड़ पाई धान की खरीद

धान के उठान की रफ्तार धीमी होने से किसानों और आढ़तियों की बढ़ गई है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फतेहाबाद जिले की अनाज मंडियों में धान की सरकारी खरीद शुरू हुए आठ दिन हो गए हैं, लेकिन खरीद और उठान दोनों की रफ्तार अभी धीमी है। मंडियों में अब तक 25,570.64 मीट्रिक टन धान की आवक दर्ज हो चुकी है। इसके मुकाबले सरकारी एजेंसियों ने अब तक 2309 मीट्रिक टन धान की खरीद की है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि खरीदे गए धान की लिफ्टिंग अभी शून्य है। यानी सरकारी एजेंसियों द्वारा खरीदा गया 2309 एमटी धान भी मंडियों से बाहर नहीं गया है। सोमवार को सरकारी खरीद में जरूर तेजी दिखाई दी। 5 अक्टूबर को एक ही दिन में 1444 एमटी धान खरीदा गया। इससे पहले खरीद के शुरुआती सात दिनों में कुल 865 एमटी धान ही खरीदा जा सका था। सोमवार की खरीद के बाद खरीद का आंकड़ा 2309 एमटी तक पहुंच गया।

आने वाले दिनों में बढ़ेगी आवक

जिले की मंडियों में अब तक पहुंची धान की कुल आवक 25,570.64 एमटी है। इसके मुकाबले सरकारी खरीद 2309 एमटी हुई है। यानी मंडियों में पहुंची कुल फसल का अभी अपेक्षाकृत छोटा हिस्सा ही सरकारी खरीद में आया है। आने वाले दिनों में धान की आवक बढ़ने की संभावना को देखते हुए अब मंडियों में जगह और उठान की व्यवस्था महत्वपूर्ण हो गई है। सोमवार को मंडियों में 383 एमटी नई आवक दर्ज की गई। इस दिन 259 किसान अपनी धान की फसल लेकर मंडियों में पहुंचे। वहीं सरकारी एजेंसियों ने 1444 एमटी धान की खरीद की।



फतेहाबाद। अनाज मण्डी में लगी धान की ढेरियां। फोटो : हरिभूमि

रतिया मंडी में शुरू हुई धान की खरीद

रतिया। किसान यूनियन खेती बचाओ की चेतावनी के बाद आखिरकार मार्केट कमेटी रतिया हरकत में आ गई है और रतिया अनाज मंडी में धान की सरकारी खरीद का काम शुरू करवा दिया गया है। खरीद शुरू होने से मंडी में पिछले कई दिनों से फसल लेकर बैठे किसानों ने राहत की सांस ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को वेयरहाउस की ओर से धान की खरीद की गई, जिसमें विभाग के अधिकारी खुद मौके पर मौजूद रहे। इस दौरान खरीद प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाया गया। मार्केट कमेटी सचिव ओम प्रकाश चहल ने बताया कि आज करीब 500 क्विंटल धान की खरीद की गई है और अब तक कुल 1497 क्विंटल धान की सरकारी खरीद की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में खरीद और तेज की जाएगी ताकि किसी भी किसान को परेशानी न हो।

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग सबसे आगे

जिले में धान की सरकारी खरीद तीन एजेंसियों के माध्यम से की जा रही है। इनमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग सबसे आगे है। विभाग ने अब तक 2084 एमटी धान खरीदा है। हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन की खरीद 187 एमटी और हैफेड की खरीद 38 एमटी रही है।

एजेंसीवार खरीद

सरकारी एजेंसी	कुल खरीद
खाद्य एवं आपूर्ति विभाग	2084 एमटी
हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन	187 एमटी
हैफेड	38 एमटी
कुल	2309 एमटी

सोमवार की खरीद में भी खाद्य एवं आपूर्ति विभाग का सबसे बड़ा योगदान रहा। विभाग ने एक दिन में 1411 एमटी धान खरीदा, जबकि हैफेड ने 33 एमटी की खरीद की। हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन की सोमवार को नई खरीद दर्ज नहीं हुई।

खरीद हुई, लेकिन उठान में देरी

सरकारी खरीद के आंकड़े बढ़ रहे हैं, लेकिन खरीदे गए धान का उठान शुरू नहीं होने से मंडियों में दबाव बढ़ सकता है। अभी तक 2309 एमटी सरकारी खरीदा धान मंडियों में ही पड़ा है। यदि आने वाले दिनों में खरीद और आवक दोनों बढ़ती हैं और उठान की स्थिति यही रहती है तो धान के ढेर बढ़ते जाएंगे। इसका सीधा असर मंडियों में फसल उतारने पहुंचने वाले किसानों पर पड़ सकता है। जगह कम होने पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को खड़ा करने की समस्या बढ़ेगी और वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो सकती है। समय रहते उठान नहीं हुआ तो मंडियों में जाम की स्थिति बनने की भी आशंका है।

पिछले सीजन में 11.02 लाख एमटी खरीदा था

पिछले खरीफ सीजन 2025-26 में फतेहाबाद जिले में सरकारी एजेंसियों ने 11,02,617 मीट्रिक टन धान की खरीद की थी। इस बार भी सीजन आगे बढ़ने के साथ मंडियों में आवक बढ़ने की उम्मीद है। सरकार ने इस सीजन में ग्रेड-ए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2461 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। ऐसे में किसानों की नजर सरकारी खरीद के साथ अब उठान व्यवस्था पर भी है।

'रेडी टू लिफ्ट' करवाकर कराएं उठान

फतेहाबाद। व्यापार मंडल अनाज मंडी फतेहाबाद ने आढ़तियों को डीएफसी एजेंसी की सरकारी धान के उठान को लेकर सूचना जारी की है। मंडल ने कहा कि जिन आढ़तियों का धान बोरियों में भरकर टांका लग चुका है, वे अपनी बोरियों को एजेंसी के पास 'रेडी टू लिफ्ट' करवाकर उठान करवाएं। मंडल ने बताया कि जिन आढ़तियों का माल तैयार पड़ा है, वे व्यापार मंडल के प्रतिनिधि विजय कक्कड़ से संपर्क कर सकते हैं। यह सूचना केवल डीएफसी एजेंसी की सरकारी धान की बोरियों के उठान के संबंध में है।

जिले में 50 खरीद केंद्र, 28 पर शुरू नहीं हुई धान की आवक

फतेहाबाद। जिले में खरीफ विपणन सत्र के तहत धान की सरकारी खरीद प्रक्रिया जारी है, लेकिन खरीद केंद्रों पर धान की आवक को लेकर एक बेहद चौंकाने वाली स्थिति सामने आई है। जिले के प्रमुख खरीद केंद्रों और मंडियों में जहां धान के ऊंचे ढेर लगे हैं, वहीं ग्रामीण इलाकों के दर्जनों खरीद केंद्र अभी भी पूरी तरह खाली और सूनसान पड़े हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 5 अक्टूबर तक पूरे फतेहाबाद जिले में कुल 25,570.64 मीट्रिक टन धान की आवक दर्ज की गई है। हालांकि, इस कुल आवक का बड़ा हिस्सा केवल दो-तीन मुख्य मंडियों तक ही सीमित है। बता दें कि सरकार ने इस बार जिला में फतेहाबाद, रतिया, भट्टू, जाखल, टोहाना, भूना व धारसूल अनाज मंडियों सहित 50 खरीद केन्द्र बनाए हैं। इनमें से 28 मंडियों में अभी धान की आवक शुरू नहीं हुई है।

रतिया और फतेहाबाद मंडियों में धान की सबसे ज्यादा आवक

जिला प्रशासन और खाद्य एवं पूर्ति विभाग द्वारा जारी खरीद केंद्रवार आंकड़ों के मुताबिक, जिले में रतिया केंद्र सबसे आगे चल रहा है। यहां अब तक सबसे अधिक 6,134.9 मीट्रिक टन धान पहुंच चुका है। दूसरे स्थान पर फतेहाबाद मुख्य मंडी है, जहां 5,358.5 मीट्रिक टन धान की आवक दर्ज की गई है। इसके अलावा गोरखपुर खरीद केंद्र पर भी 3,779.42 मीट्रिक टन धान किसान लेकर पहुंचे हैं।

अन्य प्रमुख केंद्रों की स्थिति

टोहाना	2,954 मीट्रिक टन	अलीका	418 मीट्रिक टन
भूना	2,528 मीट्रिक टन	ब्राह्मणवाला	394 मीट्रिक टन
ढाणी दादूपुर	764 मीट्रिक टन	हसंगा	384 मीट्रिक टन
धारसूल	632 मीट्रिक टन	लाली	376 मीट्रिक टन
ढांड	613 मीट्रिक टन	बाड़ा	241 मीट्रिक टन
भट्टू कलां	430 मीट्रिक टन		

इन खरीद केंद्रों पर पसरा है सन्नाटा

अहरवां, अकांवाली, अयाल्की, बाबनपुर, बहबलपुर, बुवान, चांदपुरा, ढाणी बाबनपुर, हिंदालवाला, करंडी, महमदकी, म्योंद, नांगला, नन्हेड़ी, रहनवाली, एसपी सोत्तर, शक्करपुरा, ठरवां, कमाना, लधुवास, भुंदड़वास, तमासपुरा, पीलीमंदोरी, किरढान, ढाणी गोपाल, नागपुर, भिरड़ाना, तथा भट्टू खुर्द।

आवक में कमी की वजह

फसल की कटाई के शुरुआती चरण में किसान अपनी उपज लेकर सीधे बड़ी मंडियों का रुख करते हैं, जहां उन्हें उठान, तोल और भुगतान की त्वरित सुविधा की उम्मीद होती है। इसके अलावा कई छोटे खरीद केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं या आढ़तियों की व्यवस्था पूरी तरह सुचारू न होने के कारण भी किसान पड़ोसी बड़े केंद्रों पर जाना पसंद कर रहे हैं। हालांकि, विभागीय अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में जब कटाई का कार्य जोर पकड़ेगा, तब ग्रामीण केंद्रों पर भी धान की आवक में तेजी आएगी।

धान की खरीद न होने से किसान खफा: बजरंग

■ सरकार ने अपना वादा पूरा करने में हो रही असफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने व्यापारियों की मीटिंग लेने के उपरांत टोहाना अनाज मंडी धान खरीद का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा धान व बाजरे की सरकारी खरीद ना करने से किसान व आढ़तियों में भारी रोष है। किसान अपनी धान बेचने के लिए कई दिनों से मंडियों में धक्के खा रहा है मंडिया धान से भरी हुई है।

बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार की तरफ से धान व बाजरे की खरीद के लिए मंडियों में कोई व्यवस्था तक नहीं है। मंडियों में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। मंडियो में बारदाना, लकड़ी के कैरेट व तिरपाल तक की व्यवस्था नहीं है। सरकार की तरफ से धान की खरीद व उठान ना होने से किसान व आढ़ती परेशान है। सरकार को अपने वायदे के अनुसार धान व बाजरे की खरीद एमएसपी पर करनी चाहिए जबकि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 2024 में धान की सरकारी खरीद 3100 रुपए प्रति क्विंटल करने की घोषणा की थी मगर आज धान खुले बाजार में 2000 से लेकर 2100 रुपऐ प्रति क्विंटल बिक रही है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार हर अनाज खरीद पर पहले की तरह आढ़तियों को ढाई प्रतिशत पुरा कमीशन देना चाहिए। सरकार ने आढ़तियों का धान व गेहूं का कमीशन कम कर दिया, सरसों, बाजरा, मूंग का कमीशन खत्म कर दिया। जिस गेहूं की खरीद एक अप्रैल 2026 को हुई थी उस खरीद का आढ़तियों का कमिशन आज भी 40 करोड़ रुपए सरकार की तरफ बाकी पड़ा है।



टोहाना। धान खरीद का जायजा लेते हुए बजरंग गर्ग।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर टोहाना अनाज मंडी प्रधान रोशन लाल सैनी, व्यापार मंडल प्रधान राजेंद्र ठकराल,प्रदेश प्रवक्ता पवन वधवा, संरक्षक रमेश गोयल, प्रदेश सचिव रामकुमार सैनी, प्रदेश संगठन मंत्री राजेंद्र बंसल, मानव सेवा संघ के प्रधान सतपाल नन्हेरी, राइस मिल एसोसिएशन के उप प्रधान नसीब सैनी व प्रकाश सैनी आदि प्रतिनिधि मौजूद थे।

पूर्व सीएम चौधरी भजनलाल की जयंती पर फतेहाबाद में अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हरियाणा की राजनीति के सिरमौर और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी भजनलाल की 96वीं जयंती के अवसर पर आज फतेहाबाद में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय श्री गुरु जम्भेश्वर मंदिर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में समर्थकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और राजनीतिक हस्तियों ने पहुंचकर युगपुरुष स्व. चौधरी भजनलाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का आयोजन बिश्नोई सभा फतेहाबाद के तत्वावधान में किया गया, जिसकी अध्यक्षता बिश्नोई सभा के प्रधान संजय खिचड़ ने की। श्रद्धांजलि समारोह के दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा और जिला परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि सुभाष खिचड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके अलावा टोहाना सभा के प्रधान बलदेव लोहमरोड़, सज्जन गढ़वाल, जगदीश धारनियां, बारू राम, हेतराम, सुरेन्द्र पाल जाजूदा, तेलुराम, संदीप ऐचरा, उग्रसैन भादू, जगदीश कानूनगो, हवा सिंह, सरपंच बंसी लाल खिचड़, बलवंत खिलेरी, सुनील सिगड़, विक्रम कालीराणा, राजेंद्र खिलेरी व अन्य ने शिरकत की।



फतेहाबाद। पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौधरी भजनलाल को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए।



फतेहाबाद। एनसीसी कैडेट्स का उत्साहवर्धन करते प्रधानाचार्या महिमा तनेजा।

एनसीसी कैडेट्स ने दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में लहराया परचम

फतेहाबाद। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, फतेहाबाद के एनसीसी कैडेट्स ने 3 हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी, जी.जे.यू., हिसार के तत्वधान में आयोजित दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। शिविर के दौरान आयोजित ग्रुप डांस प्रतियोगिता एवं लाइन एरिया प्रतियोगिता में कैडेट्स ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ड्रिल प्रतियोगिता तथा भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त फील्ड क्राफ्ट एवं बैटल क्राफ्ट क्विज तथा सामान्य ज्ञान क्विज में तृतीय स्थान प्राप्त कर कैडेट्स ने अपनी प्रतिभा एवं दक्षता का शानदार परिचय दिया। दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कैडेट्स के लिए ज्ञान, अनुभव एवं व्यक्तित्व-विकास का महत्त्वपूर्ण अवसर रहा। प्रशिक्षण एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से कैडेट्स ने अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, आत्मविश्वास, समय-प्रबंधन, सहयोग एवं आत्मनिर्भरता जैसे जीवन-मूल्यों को आत्मसात किया।

गांव करनोली में शिविर में 100 से अधिक मरीजों की निःशुल्क जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और जरूरतमंदों को सुगम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गांव करनौली में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शहर के प्रमुख मनोचिकित्सक डॉ. अवि सिवाच के नेतृत्व में आयोजित मनोविकार एवं नशामुक्ति चिकित्सा शिविर में दूर-दराज से आए 100 से अधिक मरीजों के स्वास्थ्य की गहन जांच की गई।

शिविर के दौरान डॉ. अवि सिवाच ने मरीजों का व्यक्तिगत रूप से परामर्श किया और उन्हें उचित उपचार प्रदान किया। उनके साथ जाने-माने चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र सिंह सिवाच ने भी मरीजों की जांच करने और उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित करने में प्रमुख भूमिका निभाई। डॉ. वीरेंद्र सिंह सिवाच को हाल ही में उनकी उत्कृष्ट चिकित्सा एवं समाज सेवा के लिए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रतिष्ठित हरियाणा लीडरशिप अवार्ड से भी नवाजा जा चुका है। मरीजों और उनके तीमारदारों ने बढ़-चढ़कर अपनी जांच कराई। इस अवसर पर गांव के सरपंच परमवीर सिंह, मंदीप सिंह, देशराज कंबोज, मेम्बर हरजीत सिंह, मेम्बर जसवंत सिंह, लीला सिंह, राम सिंह, कुलदीप सिंह, लक्ष्मण सिंह, गुरप्यार और सोनू गोदारा का सक्रिय सहयोग रहा और लोगों ने इस नेक और कल्याणकारी कार्य की भरपूर सराहना की।



फतेहाबाद। शिविर के दौरान ग्रामीणों को परामर्श देते डॉ. अवि सिवाच।

रिटायर्ड कर्मचारी एसोसिएशन ने बैठक कर सरकार की उदासीनता पर जताया रोष



फतेहाबाद। ऑल रिटायर्ड कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन की जिला स्तरीय मासिक बैठक मंगलवार को पुराना रेस्ट हाउस, जाट धर्मशाला के पास में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान मुंशीराम कम्बोज ने की, जबकि संचालन महासचिव सुभाष चन्द्र चैहान द्वारा किया गया। इस दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार की उदासीनता पर रोष व्यक्त किया और मांगों के पूरा होने तक संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों चन्द्रभान चोपड़ा, गोपीराम रतिया, रामस्वरूप ढाणी सांचला, नीलम मेहता, देवेन्द्र सिंह सिन्हा का जन्मदिन भी सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से धूमधाम से मनाया और उनके दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की। इसके अलावा 75 साल की आयु पार कर चुके वरिष्ठ कर्मचारियों को विशेष तौर पर सम्मानित भी किया गया। बैठक में दो रिटायर्ड कर्मचारियो अमर सिंह वर्मा और देशराज के निधन पर शोक जताया और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर निहाल सिंह मताना, रणधीर सिंह डबास, बलवंत सिंह नोखवाल, हरिचंद कम्बोज, रामस्वरूप, गोपीराम, नित्यानंद, शीशपाल सिंह कानूनगो, रणजीत सिंह, राजकुमार, बलराज सिंह, अजीत सिंह, साधुराम, जयप्रकाश, गजे सिंह सहित अनेक रिटायर्ड कर्मचारी मौजूद रहे।

सिटी हार्ट स्कूल में मनाई गई महाराज अग्रसेन जयंती

रतिया। सिटी हार्ट स्कूल में अग्रवाल वैश्य समाज के सहयोग से महाराजा अग्रसेन जयंती श्रद्धा, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों ने अग्रवाल वैश्य समाज द्वारा आयोजित महाराजा अग्रसेन जी के जीवन परिचय पर चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान पर्यवेक्षक के तौर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्वेता तनेजा, जिला अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल, रतिया प्रधान लवकेश मित्तल, संरक्षक प्रहलाद मित्तल, सह संरक्षक जनक राज, वरिष्ठ उप प्रधान सोमनाथ गर्ग, उप प्रधान संजय गर्ग, महासचिव हिमांशु गर्ग, सोशल मीडिया प्रभारी नितिन जैन ने प्रतियोगिता का निरीक्षण किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाराजा अग्रसेन जी के महान व्यक्तित्व उनके आदर्शों तथा समाज के प्रति उनके योगदान से परिचित करवाना था। इस अवसर पर विद्यालय में महाराज अग्रसेन जी के जीवन एवं उनके द्वारा स्थापित उच्च आदर्शों का स्मरण भी किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8295154800, 9315429403, 9253681005

83.44 लाख रुपये लौटाए, 35 मोबाइल और 3 लैपटॉप बरामद

छह माह में 69 एफआईआर, 110 साइबर अपराधी गिरफ्तार

पुलिस ने की साइबर ठगी होने पर राष्ट्रीय हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

साइबर अपराध के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई के बावजूद जिले में ठगी का खतरा कम होता नजर नहीं आ रहा। एक अप्रैल से 30 सितंबर तक छह माह में साइबर अपराध की 69 एफआईआर दर्ज हुईं और 110 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने ठगी के शिकार लोगों को 83 लाख 44 हजार 194 रुपये वापस दिलाने का दावा किया है। इसके बावजूद सवाल यह है कि छह माह में लोगों से कुल कितनी रकम ठगी गई और उसमें से कितनी वापस मिल सकी, इसका आंकड़ा पुलिस ने जारी नहीं किया। पुलिस के अनुसार 52.82 लाख रुपये समय रहते होल्ड करवाकर पीड़ितों को लौटाए गए, जबकि 30.61 लाख रुपये आरोपियों से बरामद किए गए। जांच के दौरान आरोपियों से 35 मोबाइल फोन और तीन लैपटॉप भी बरामद हुए।



एसपी निकिता खट्टर।

170 जागरूकता कार्यक्रम, फिर भी चुनौती बने हुए हैं ठग

पुलिस ने छह माह में 170 साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। लोगों को डिजिटल अरेस्ट, फर्जी बैंक कॉल, ओटीपी-सीवीवी, फिशिंग लिंक और निवेश ठगी से बचने के तरीके बताए गए। इसके बावजूद छह माह में 69 एफआईआर दर्ज होना बताता है कि जागरूकता अभियानों के बावजूद साइबर अपराध पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि 69 एफआईआर में हुई कुल ठगी कितनी थी, 83.44 लाख रुपये की वापसी उस कुल रकम का कितना हिस्सा है। पुलिस की जारी रिपोर्ट में इसका कोई आंकड़ा नहीं है। यही आंकड़ा साइबर अपराध की असली तस्वीर सामने ला सकता है। पुलिस ने लोगों से साइबर ठगी का पता चलते ही राष्ट्रीय हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करने की अपील की है, ताकि ठगी की रकम को समय रहते होल्ड कराया जा सके।

190 गुम मोबाइल की बरामदगी भी साइबर अपराध में दिखाई

सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से पुलिस ने करीब 60 लाख रुपये कीमत के 190 गुम मोबाइल बरामद किए। हालांकि ये मोबाइल बरामदगी साइबर ठगी से अलग है, फिर भी इसे पुलिस ने अपनी छह माह की साइबर कार्रवाई में शामिल किया है। सोशल मीडिया पर हथियारों और भ्रामक सामग्री का प्रदर्शन करने वाले 54 खाते बंद करवाए गए, जबकि 412 लोगों को ऐसे खातों को अनफॉलो करवाया गया। विदेश में बैठकर एक्सटॉर्शन कॉल करने वालों पर निगरानी के लिए 'अभेद्य ऐप 890' के इस्तेमाल की भी बात कही गई है।

पेंशन बहाली के लिए 6 दिसंबर को फतेहाबाद में संकल्प मार्च

फतेहाबाद। पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा की जिला फतेहाबाद एवं सभी खंडों की कार्यकारिणी की बैठक जिला अध्यक्ष नरेश जांगड़ा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन विस्तार के साथ पुरानी पेंशन योजना की बहाली को लेकर आगामी आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की गई। पीबीएसएस के राज्य ऑडिटर विजय भूना ने बताया कि समिति की ओर से 2 अगस्त से 3 जनवरी 2027 तक प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर पेंशन संकल्प मार्च आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में फतेहाबाद में 6 दिसंबर को पेंशन संकल्प मार्च निकाला जाएगा। मार्च के बाद उपायुक्त के माध्यम से सरकार को पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।